## पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ की झाड़ोल उपशाखा में भरतसिंह झाला अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित




राजस्थान दर्शन

**झाड़ोल।** पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ उपशाखा झाड़ोल की बैठक बुधवार को आमझड़ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पर्वत सिंह डुलावत ने की। बैठक में ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए भरतसिंह झाला को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। नई कार्यकारिणी में भरतसिंह झाला को अध्यक्ष, पर्वत सिंह झालावत को जिला प्रतिनिधि, महेंद्र सिंह सिसौदिया को संरक्षक, नवल सिंह झाला को संरक्षक, मोहन मेघवाल को संरक्षक, गजेंद्र सिंह झाला को महामंत्री, देवेंद्र सिंह झाला को महामंत्री तथा संजय भगोरा को उपाध्यक्ष ,सहित अन्य सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक के अंत में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने तथा आवश्यकता पड़ने पर कर्मचारियों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी गई। अध्यक्ष भरतसिंह झाला सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने संगठन की मजबूती और कर्मचारियों के हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## कटारिया ने झाड़ोल पहुंच भाजपा जिला प्रवक्ता को दी सांत्वना, दो माह पूर्व हुआ था पत्नी का निधन



राजस्थान दर्शन

**झाड़ोल।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चन्द्र कटारिया गुरुवार को झाड़ोल पहुंचे। उन्होंने भाजपा देहात जिला प्रवक्ता नीलम राजपुरोहित की पत्नी सपना पुरोहित के निधन पर उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उल्लेखनीय है कि करीब दो माह पूर्व नीलम राजपुरोहित की पत्नी सपना पुरोहित का निधन हो गया था। इसी के चलते राज्यपाल कटारिया गुरुवार को उनके झाड़ोल स्थित निवास पर पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान झाड़ोल भाजपा मंडल अध्यक्ष शंकर लाल गाडरी, फलासिया मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह, ललित प्रसाद पुरोहित, आनंद पुरोहित, मनीष पुरोहित, नीतीश पुरोहित, देवी लाल गायरी, वीरेन्द्र कोडिया, लालूराम गायरी, विश्वराज सिंह झाला, राजू निमावत,धीरज पूर्बिया सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ऑपरेशन त्रिनेत्रः एनडीपीएस एक्ट के 3 इनामी आरोपी गिरफ्तार, 2100-2100 रुपए का था इनाम

**सलूंबर/झल्लारा।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत झल्लारा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तीन इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों पर पुलिस ने 2100-2100 रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस ने आरोपियों को लंबे समय से तलाश के बाद गिरफ्तार किया। कार्रवाई उदयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक सलूंबर विश्नाराम बिश्नोई के निर्देश पर की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन चावला और वृत्ताधिकारी सलूंबर राजीव राहड़ के सुपरविजन में झल्लारा थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह वागेला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

### एनडीपीएस एक्ट के मामले में थे वांछित

पुलिस के अनुसार प्रकरण संख्या 207/25, धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में लंबे समय से वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

### गिरफ्तार आरोपियों में

उकारलाल पुत्र गेमरलाल गाडरी, निवासी गड़ी, थाना भींडर, जिला उदयपुर। लालूराम रावत पुत्र वगताराम, निवासी धारता, थाना भींडर, जिला उदयपुर। शंकरलाल उर्फ पन्नालाल सेन पुत्र बगदीराम सेन, निवासी डूंगला, थाना डूंगला, जिला चित्तौड़गढ़। तीनों आरोपियों पर 2100-2100 रुपए का घोषित इनाम था।

### लगातार जारी है अवैध तस्करी के खिलाफ अभियान

जिला पुलिस की ओर से अवैध तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में वांछित और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

### यह टीम रही कार्रवाई में शामिल

कार्रवाई झल्लारा थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह वागेला के नेतृत्व में की गई। टीम में कांस्टेबल सिद्धराज सिंह नंबर 165 और कांस्टेबल कान सिंह नंबर 119 सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार एनडीपीएस एक्ट के इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े नेटवर्क और अन्य संभावित आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।
जिला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध कारोबार या अन्य आपराधिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर पुलिस हेल्पलाइन 8764854809 पर सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।

# भैया, मेरी राखी के बंधन को निभाना, रोड सेफ्टी रूल्स को अपनाना

### रक्षाबंधन से पहले अनूठी पहल

### हेलमेट लगी राखी बांधकर वाहन चालकों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ




राजस्थान दर्शन

**उदयपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व से पहले सड़क सुरक्षा और भाई-बहन के भावनात्मक रिश्ते को जोड़ते हुए शहर में एक अनूठी एवं मार्मिक पहल की गई। आधार फाउंडेशन एवं रेयान इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में सीए सर्किल पर आम वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान वाहन चालकों की कलाई पर हेलमेट लगी राखी बांधकर उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।
अभियान के दौरान राह चलते वाहन चालकों रोककर राखी बांधी गई। राखी बांधते हुए संदेश दिया गया 'भैया, मेरी राखी के बंधन को निभाना, रोड सेफ्टी रूल्स को अपनाना।' इसके साथ ही वाहन चालकों से संकल्प कराया गया कि वे कभी भी बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के वाहन नहीं चलाएंगे। बच्चों ने वाहन चालकों को भावनात्मक संदेश देते हुए कहा कि घर पर बहन, भाई और पूरा परिवार उनके सुरक्षित लौटने का इंतजार करता है। ऐसे में सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही न केवल चालक बल्कि पूरे परिवार की खुशियां छीन सकती है। हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे छोटे-छोटे सुरक्षा उपाय जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आधार फाउंडेशन के नारायण चौधरी ने बताया कि इस दौरान करीब 80 लोगों को राखी बांधकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। यह अभिनव पहल पिछले तीन वर्षों से लगातार की जा रही है। हर वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर राखी के भावनात्मक बंधन को सड़क सुरक्षा से जोड़कर आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि अभियान से जुड़ने वाले अनेक नागरिकों ने इसे सकारात्मक पहल बताते हुए यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया।
अभियान में सुरक्षित यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले लोगों का भी उत्साहवर्धन किया गया। ऐसे वाहन चालकों को ट्रॉफी खिलाकर और मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया गया।

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए विशेष अभियान 1 से 30 सितम्बर तक

राजस्थान दर्शन

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री में शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश भर में 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला कलक्टर (भू.अ.) गौरव अग्रवाल ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।
जिला कलक्टर ने बताया कि गत 18 अगस्त को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई राज उन्नति बैठक में राज्य में फार्मर रजिस्ट्री के 100 प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यकतानुसार विशेष फार्मर रजिस्ट्री कैम्प आयोजित किए जाएंगे तथा किसानों को कैम्प की पूर्व सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। पटवारियों को अभियान में सक्रिय रूप से शामिल करते हुए गिरदावरी कार्य के साथ प्रत्येक किसान एवं संबंधित खसरे तक पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण एवं लंबित कार्यवाही पूर्ण कराई जाएगी। कृषि पर्यवेक्षकों की उपलब्ध उपयोगकर्ता पहचान का उपयोग करते हुए उन्हें भी अभियान में सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा। सीएससी एवं ई-मित्र केन्द्रों की सेवाओं का प्रभावी उपयोग कर किसानों का फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराए जाने के निर्देश हैं।
अग्रवाल ने बताया कि प्लॉट वाइज सैचुरेशन ड्रिलडाउन मॉड्यूल के माध्यम से सभी अपंजीकृत खसरा समूहों का सत्यापन कर संबंधित पात्र किसानों एवं खसरों को फार्मर रजिस्ट्री में शामिल करने की कार्यवाही की जाएगी। पेंडेंसी ड्रिलडाउन रिपोर्ट्स के आधार पर लंबित एवं अपूर्ण पंजीकरणों की ग्रामवार सूची तैयार कर उनका शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। पीएम-किसान के ऐसे लाभार्थी, जो अभी तक फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत नहीं हैं और जिनके अभिलेख आरओआर डेटा से पूर्णतः मैच हो रहे हैं, उनका प्राथमिकता से पंजीकरण कराया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्रेशन एवं बकेट क्लेम्ड की जिला, तहसील, ग्राम एवं ग्राम पंचायत स्तर की प्रोग्रेस मॉनिटरिंग रिपोर्ट्स के आधार पर अभियान की दैनिक एवं साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जिला स्तर पर जिला नोडल अधिकारी तथा तहसील स्तर पर तहसीलदार अभियान की नियमित मॉनिटरिंग एवं फॉलो-अप सुनिश्चित करेंगे। फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत प्रत्येक किसान आईडी बनाए जाने पर पटवारियों को 10 रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है।
जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों को अभियान की कार्ययोजना एवं प्रस्ताव आज, गुरुवार, 27 अगस्त को ही भू-अभिलेख अनुभाग, जिला कलक्टर कार्यालय को भिजवाने के निर्देश दिए हैं। अभियान की प्रगति की राज्य स्तर पर नियमित समीक्षा की जाएगी तथा निर्धारित अवधि में फार्मर रजिस्ट्री के शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाएगी।

149 वीं समुत्कर्ष मासिक विचार गोष्ठी

## रक्षा बन्धन के स्नेह-सूत्र से हो पारिवारिक सामाजिक समरसता का संधान

राजस्थान दर्शन

**उदयपुर ।** राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पुनरुत्थान एवं वैचारिक चेतना को समर्पित शीर्षस्थ संस्था 'समुत्कर्ष समिति' के तत्वावधान में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर 'रक्षाबंधन :भाई- बहन के रिश्ते से सामाजिक समरसता तक' विषयक 149 वीं समुत्कर्ष मासिक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भ्रातृभाव के उस अमूल्य अंकुर का नव-सिंचन है, जो काल की धारा के साथ सामाजिक समरसता के अक्षुण्ण एवं छायादार वटवृक्ष का रूप धारण कर लेता है।
वक्ताओं ने कहा कि कलाई पर बंधा सूक्ष्म रेशमी सूत्र मात्र भावुकता की एक क्षणिक प्रतिज्ञा नहीं, अपितु संपूर्ण सामाजिक चेतना को आत्मीयता, संवेदनशीलता और अखंडता के एक अविभाज्य सूत्र में पिरोने का वह समर्थ अनुष्ठान है, जहाँ विभेदों का अवसान होकर समरसता सुशोभित होती है। वक्ताओं का अभिमत था कि श्रीमद्भागवत और लोक-परंपराओं में वर्णित द्रौपदी और श्रीकृष्ण का प्रसंग केवल रक्षा बन्धन नहीं, बल्कि सामाजिक संरक्षण का प्रतीक है। जब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर श्रीकृष्ण की उंगली पर बांधा था, तो वह एक बहन का भ्रातृभाव था। बदले में श्रीकृष्ण ने चीर-हरण के समय द्रौपदी की लाज बचाकर यह सिद्ध किया कि सच्चा रक्षा बन्धन भाव समाज में स्त्री के सम्मान और सामाजिक न्याय की रक्षा का सबसे बड़ा स्तंभ है।
इस अवसर पर शिक्षाविद आर्य सत्यप्रिय ने कहा कि भ्रातृभाव से समरसता की ओर यह केवल एक विचार नहीं, बल्कि वह वैचारिक सेतु है जो व्यक्तिगत संबंधों की संकुचित सीमाओं को तोड़कर संपूर्ण समाज को एक आत्मीय सूत्र में पिरोता है। जब रक्षाबंधन जैसे पर्व पर एक बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधती है, तो वह केवल एक व्यक्ति के प्रति रक्षा का वचन नहीं मांगती, बल्कि उसमें संपूर्ण समाज के प्रति सद्भाव और संरक्षण की भावना अंतर्निहित होती है। विचार गोष्ठी में मंगलाचरण का पाठ शिक्षाविद् पीयूष दशोरा ने किया द्य उमंग पण्ड्या, कविता चौधरी, संदीप आमेटा, विद्यासागर, तरुण कुमार दाधीच ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। समुत्कर्ष पत्रिका के उप संपादक गोविन्द शर्मा द्वारा ने ऑनलाइन जुड़े सभी संभागियों एवं वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि गोष्ठी का यह विमर्श समाज को एक नई वैचारिक दिशा देगा। समुत्कर्ष विचार गोष्ठी का संचालन शिवशंकर खण्डेलवाल ने किया । इस ऑनलाइन विचार गोष्ठी में तोषी सुखवाल, भावेश पटेल, लोकेश जोशी, सुदर्शना भट्ट, गोपाल माली, भूपेन्द्र उबाना, डॉ अनिल कुमार दशोरा, वीणा जोशी, पुष्कर सैनी, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, चैनशंकर दशोरा तथा रश्मि मेहता भी सम्मिलित हुए।

रक्षक को बांधा रक्षा सूत्र, लिया आशीर्वाद

## पहाड़ा थाना पुलिसकर्मियों को बांधी राखी, आदर्श विद्यालय में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



**नयागांव।** नयागांव उपखंड के आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय थाणा में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक विविधताओं के साथ मनाया गया। समारोह के तहत विद्यालय की छात्राओं ने पुलिस थाना पहाड़ा पहुंचकर थानाधिकारी राजेश मीणा एवं समस्त पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की तथा सुरक्षा का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम प्रभारी साक्षी बारोट एवं हिना शेख के अनुसार विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए राखी मेकिंग, निबंध लेखन एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने अपने सहपाठी छात्रों की कलाई पर भी प्यार और आत्मीयता से रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया।
कार्यक्रम में पहाड़ा थानाधिकारी राजेश मीणा, सहायक निदेशक ईश्वर लाल पटेल एवं प्रधानाचार्य खेमराज प्रजापत विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए पर्व के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला।
इस अवसर पर विद्यालय की आचार्याओं ने आचार्यों को रक्षा सूत्र बांधकर परंपरागत रूप से पर्व का सहर्ष निर्वहन किया।

## ऑपरेशन त्रिनेत्रः सायबर ठगी के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, 4 माह से थे फरार


**सलूंबर/झल्लारा।** सायबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत झल्लारा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सायबर ठगी की रकम अपने बैंक खातों में मंगवाने और आगे ट्रांसफर करने के लिए खाते उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी करीब चार महीने से पुलिस से बचकर चल रहे थे। पुलिस ने तकनीकी और इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों की मदद से दोनों को गुजरात के अहमदाबाद क्षेत्र से दबोचा। कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक सलूंबर विश्नाराम बिश्नोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन चावला और वृत्ताधिकारी सलूंबर राजीव राहड़ के सुपरविजन में झल्लारा थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह वागेला के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार झल्लारा थाने में दर्ज प्रकरण संख्या 92/2026 में धारा 318(4), 319(2) बीएनएस एवं 66(डी) आईटी एक्ट के तहत जांच चल रही थी। इसी तरह प्रकरण संख्या 102/2026 में भी इन्हीं धाराओं के तहत मामला दर्ज था। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी अपने बैंक खाते दूसरे लोगों को उपलब्ध करवाते थे। इन खातों में सायबर ठगी से प्राप्त रकम मंगवाई जाती थी और बाद में उसे अन्य खातों में ट्रांसफर किया जाता था।

## श्री महाकाल धाम कारछा में पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ




राजस्थान दर्शन

**खेरवाड़ा।** श्री महाकाल धाम कारछा में पहली बार पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन बुधवार से प्रारंभ हुआ। संत-महात्माओं के शुभ आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस कथा के प्रथम दिवस पर कथा आयोजन समिति की ओर से कथा व्यास तिलकेश जोशी का फूलमाला एवं साफा पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया गया। वहीं व्यास पीठ की ओर से श्री महाकाल धाम कारछा के सेवायत श्री सोहन लाल औदिच्य का तिलक लगाकर एवं उपरणा पहनाकर अभिनंदन किया गया। सेवायत श्री सोहन लाल औदिच्य ने बताया कि कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास तिलकेश जोशी ने प्रथम तीन ज्योतिर्लिंगों—श्री सोमनाथ, श्री मल्लिकार्जुन एवं श्री महाकालेश्वर—की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने भगवान भोलेनाथ और भगवान श्रीकृष्ण के मध्य आध्यात्मिक संबंधों पर भी प्रकाश डाला। कथा के दौरान वृंदावन धाम में भगवान भोलेनाथ के गोपीश्वर स्वरूप के प्राकट्य एवं उससे जुड़े प्रसंग का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भक्तिभाव से भावविभोर हो गए। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान शिव की महिमा का



श्रवण किया और कथा का लाभ लिया।

आबकारी आयुक्त के निर्देशन में उदयपुर में 2 बड़ी कार्रवाई

# गोगुंदा में 20 ड्रमों में भरा 3600 लीटर अवैध स्पिरिट किया बरामद

### निकाय चुनाव आचार संहिता में अवैध शराब के निर्माण में उपयोग होना था स्पिरिट



राजस्थान दर्शन

**उदयपुर।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में निकाय आदर्श आचार संहिता के दौरान आबकारी दल ने मुखबिर की सूचना पर उदयपुर के गोगुंदा में 2 बड़ी कार्रवाई में 20 ड्रमों में भरकर रखा 3600 लीटर अवैध स्पिरिट जब्त करते हुए मौके से अभियुक्त को गिरफ्तार किया। बरामद स्पिरिट की अनुमानित कीमत 4 लाख रूपए है जिसका उपयोग निकाय चुनाव के दौरान अवैध शराब के निर्माण में किया जाना था। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त नीति प्रदीप सिंह सांगावत एवं उपायुक्त आबकारी निरोधक दल जोन उदयपुर प्रद्युम्न सिंह चुण्डावत को मुखबिर से प्राप्त विश्वसनीय सूचना पर उदयपुर की गोगुंदा तहसील में नेशनल हाईवे 27 पर खोखरिया की नाल के समीप बालाजी रेस्टोरेन्ट पर 26 अगस्त को आबकारी अधिकारी उदयपुर विकास बीठू के नेतृत्व में प्रहराधिकारी उदयपुर दौलत सिंह एवं प्रहराधिकारी गोगुंदा कैलाशचन्द्र सहित मय जाब्ता दबिष दी गई। कार्रवाई में 8 ड्रमों में 1600 लीटर, 2 ड्रमों में 100 लीटर सहित कुल 10 ड्रमों में 1700 लीटर स्पिरिट जब्त करते हुए मौके से अभियुक्त प्रकाश मेघवाल निवासी सांचैर को गिरफ्तार किया गया।

### अनुसंधान से मिली सूचना पर दूसरी कार्रवाई

उपायुक्त ईपीएफ उदयपुर प्रद्युम्न सिंह चुण्डावत के निकट सुपरविजन में गोगुंदा में पहली कार्रवाई में गिरफ्तार अभियुक्त प्रकाश मेघवाल से शुरूआती पूछताछ में मिली सूचना के आधार पर गोगुंदा के ग्राम उखलियाद में रमेश गरासिया के मकान पर आबकारी टीम द्वारा दबिष दी गई। कार्रवाई में उक्त मकान से 9 ड्रमों में 1800 लीटर एवं 1 ड्रम में 100 लीटर सहित कुल 10 ड्रमों में भरकर रखा 1900 लीटर अवैध स्पिरिट जब्त किया गया। अभियुक्त मौके से फरार हो गया। इस प्रकार गोगुंदा में अलग- अलग स्थानों पर 2 बड़ी कार्रवाई कर आबकारी टीम ने 20 ड्रमों में भरकर रखा 3600 लीटर अवैध स्पिरिट जब्त किया जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख रूपए आंकी गई है।

### स्पिरिट से अवैध मदिरा का निर्माण

प्रदेष में निकाय चुनावों के तहत आचार संहिता प्रभावी है इसी क्रम में चुनाव के दौरान स्पिरिट के बडे स्टॉक को जब्त कर आबकारी निरोधक दल को बड़ी सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि जब्त स्पिरिट के माध्यम से बडी मात्रा में अवैध मदिरा का निर्माण कर चुनाव के दौरान उपयोग किया जाना था। उक्त कार्रवाई के तहत अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### पुनावली में बुजुर्ग दंपती की दोहरी हत्या का खुलासा:

# पड़ोसी ने साथियों के साथ मिलकर हथौड़े से सिर पर वार कर हत्या की, शवों को लोहे के संदूक में छिपाया; लूट की नीयत से रची थी साजिश

राजस्थान दर्शन

**गोगुंदा।** सायरा थाना क्षेत्र के पुनावली गांव में बुजुर्ग दंपती की सनसनीखेज दोहरी हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने लूट की नीयत से 70 वर्षीय लेहरीलाल पालीवाल और उनकी 67 वर्षीय पत्नी राधाबाई की हत्या की थी। वारदात के बाद दोनों के शवों को प्लास्टिक की थैलियों में पैक कर लोहे के बड़े संदूक (मंजूषा) में बिस्तरों के नीचे छिपा दिया गया। आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने के लिए दंपती के मोबाइल फोन भी घर से दूर हाईवे पर फेंक दिए थे। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी कुशल उर्फ खुशी पालीवाल सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात में प्रयुक्त वाहन भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी को जानकारी थी कि बुजुर्ग दंपती घर में अकेले रहते हैं और लेहरीलाल लोगों को रुपए उधार देते थे। इसी जानकारी के आधार पर करीब एक से डेढ़ साल पहले चोरी की साजिश शुरू की गई थी।

### 12 अगस्त को भाई ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

पुलिस के अनुसार 12 अगस्त को लेहरीलाल के छोटे भाई धूलीराम पालीवाल ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि उनके बड़े भाई लेहरीलाल और भाभी राधाबाई घर पर नहीं हैं। घर का गेट खुला मिला था। काफी तलाश के बाद भी दोनों का पता नहीं चला। फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो दोनों के मोबाइल बंद मिले।

रिपोर्ट पर पुलिस ने एमपीआर नंबर 39/2026 दर्ज कर दंपती की तलाश शुरू की। थाना अधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर गांव और आसपास के इलाकों में जांच की गई।

### घर के अंदर ही संदूक में मिले दोनों के शव

पुलिस टीम ने तलाश के दौरान 14 अगस्त को दंपती के घर के अंदर रखे लोहे के बड़े संदूक से दोनों के शव बरामद किए। शव प्लास्टिक की थैलियों में पैक थे और उन्हें बिस्तरों के नीचे छिपाया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम, एमओबी टीम और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। टीमों ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। दोनों शवों को परिजनों की सहायता से महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी, उदयपुर भेजा गया।





### ऐसे रची वारदात की साजिश

जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी कुशल पालीवाल को ऐशो-आराम की जिंदगी जीने का शौक था और वह लगातार बढ़ते कर्ज के जाल में फंस गया था। इसी आर्थिक दबाव में उसने बुजुर्ग दंपती को लूटने और उनकी हत्या करने की योजना बनाई। करीब एक महीने पहले आरोपियों ने वारदात की रूपरेखा तैयार करना शुरू की। कुशल अपने साथी चंदन यादव, विकास खरवड़ और दिलीप चौधरी के साथ पुनावली पहुंचा। इसके बाद आरोपियों ने दंपती के घर और उनकी दिनचर्या की रेकी की। कुशल ने अपने चचेरे भाई किशन और जीवन पालीवाल को भी योजना में शामिल कर लिया। 9 अगस्त को आरोपी साथियों के साथ क्षेत्र में आया और अगले दिन 10 अगस्त को फिर पुनावली पहुंचा। आरोपियों ने मौका देखकर घर में प्रवेश करने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा बंद होने के कारण वापस लौटना पड़ा।

### पहले हथौड़ा लेकर आया, फिर अगले दिन हत्या

पुलिस के मुताबिक 10 अगस्त को आरोपी कुशल अपने साथी चंदन के साथ दंपती के घर गया था। राधाबाई ने दोनों को पड़ोसी होने के कारण घर में प्रवेश दिया और खाना भी खिलाया। आरोपियों ने सोने का नाटक करते हुए मौके का इंतजार किया। लेकिन लोगों की आवाजाही के कारण उस दिन वारदात नहीं कर सके। इस दौरान कुशल लेहरीलाल के घर से रखा हथौड़ा अपनी पेंट में छिपाकर ले गया। 11 अगस्त की सुबह कुशल और चंदन फिर दंपती के घर पहुंचे। दरवाजा बंद होने के कारण अंदर प्रवेश नहीं कर सके। इसके बाद आरोपियों ने तय किया कि रात में रेकी में मदद करने वाले जीवन और किशन की सहायता से घर में प्रवेश किया जाएगा। रात में किशन और जीवन ने दंपती के घर पहुंचकर राधाबाई का ध्यान भटकाया और मुख्य दरवाजा खुलवाया। दोनों ने अंदर प्रवेश करने का बहाना बनाया और बाद में बाहर निकल गए। इसी दौरान कुशल पहले से घर के अंदर बाथरूम में छिप गया। जीवन और किशन के बाहर निकलने के बाद कुशल ने अपने साथियों को संदेश देकर बुलाया। रात में दंपती के सो जाने का इंतजार किया गया। इसके बाद चंदन, विकास और दिलीप भी घर में दाखिल हुए। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी ऊपर की मंजिल पर पहुंचे और सो रहे लेहरीलाल के सिर पर हथौड़े से वार कर उनकी हत्या कर दी। राधाबाई को वारदात की भनक न लगे, इसके लिए जिस कमरे में वह सो रही थीं, उसे अंदर से बंद कर दिया गया था।

### राधाबाई को भी गला घोंटकर मार डाला

लेहरीलाल की हत्या के बाद आरोपियों ने सुबह राधाबाई के उठने का इंतजार किया। जैसे ही वह उठकर नहाने जाने लगीं, चंदन ने उनका मुंह दबा दिया, ताकि उनकी आवाज बाहर नहीं जा सके। इसके बाद कुशल ने गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने राधाबाई के पहने हुए गहने और चाबी अपने कब्जे में ले ली। चाबी से अलमारी खोलकर नकदी और अन्य जेवरात भी निकाल लिए गए। इसके बाद दोनों शवों को प्लास्टिक की थैलियों में पैक किया गया और लोहे के बड़े संदूक में बिस्तरों के नीचे छिपा दिया गया। आरोपियों ने शवों से बदबू बाहर न आए और कई दिनों तक परिजनों को घटना का पता न चले, इसके लिए शवों को इस तरह छिपाया था।

### पुलिस को गुमराह करने के लिए मोबाइल हाईवे पर फेंके

वारदात के बाद आरोपियों ने दंपती के मोबाइल फोन अपने पास रखे और बाद में पुलिस व परिजनों को गुमराह करने के लिए उन्हें हाईवे पर रास्ते में फेंक दिया। आरोपियों ने दंपती की चप्पलें भी गायब कर दीं, ताकि ऐसा लगे कि दोनों अपनी मर्जी से कहीं चले गए हैं। पुलिस टीम ने पारंपरिक जांच के साथ तकनीकी और मनोवैज्ञानिक विश्लेषण का सहारा लिया। अलग-अलग स्रोतों से सूचना जुटाकर आरोपियों की पहचान की गई और उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। जांच में आरोपियों की गतिविधियों, आपसी संपर्क और वारदात से पहले की गतिविधियों को जोड़ते हुए पुलिस मुख्य आरोपियों तक पहुंची। मामले में फरार चल रहे शेष आरोपी विकास की तलाश के लिए एक टीम गुजरात भेजी गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर वारदात में लूटी गई नकदी, जेवरात और अन्य सामान की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

### कर्ज के जाल में फंसा था मुख्य आरोपी

पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी कुशल पालीवाल को महंगी जीवनशैली का शौक था। इसी कारण वह लोगों और बैंकों से लिए गए कर्ज और लोन की रकम समय पर नहीं चुका पा रहा था। लगातार बढ़ते कर्ज और आर्थिक तंगी के बीच उसे बुजुर्ग दंपती के घर में बड़ी रकम और जेवर होने की जानकारी थी। इसी आर्थिक दबाव में उसने लूट और हत्या की वारदात को अंजाम देने की साजिश रची।

### इन पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

कुशल उर्फ खुशी पालीवाल, 26 वर्ष, निवासी पुनावली, थाना सायरा, वर्तमान निवासी सूरत।

चंदन यादव, 27 वर्ष, निवासी बिहार, वर्तमान निवासी सूरत।

दिलीप चौधरी, 30 वर्ष, निवासी पाड़ी, जिला सूरत।

किशन पालीवाल, 21 वर्ष, निवासी पुनावली, थाना सायरा।

जीवन पालीवाल, 21 वर्ष, निवासी पुनावली, थाना सायरा।

### बड़ी पुलिस टीम ने संभाला था ऑपरेशन

दोहरी हत्या के खुलासे में सायरा थाना पुलिस के साथ उदयपुर जिला विशेष टीम, साइबर सेल, गोगुंदा, गोवर्धन विलास और बेकरिया थाना पुलिस की टीमों ने अहम भूमिका निभाई। ऑपरेशन में थानाधिकारी शैतान सिंह, गोगुंदा थानाधिकारी प्रवीण सिंह राजपुरोहित, डीएसटी प्रभारी भरत योगी, गोवर्धन विलास थानाधिकारी सुनील चारण, राजसमंद साइबर सेल के फेलीराम उपनिरीक्षक, बेकरिया थानाधिकारी रामावतार मीणा, सायरा थानाधिकारी राजेंद्र सिंह, सायरा पुलिस के हंवर सिंह व गणपतनाथ, तथा जिला विशेष टीम और साइबर सेल के अधिकारियों-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम ने मौके की घेराबंदी से लेकर एफएसएल, डॉग स्क्वायड, तकनीकी जांच, संदिग्धों की निगरानी और गुजरात तक दबिश देने की कार्रवाई की।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र में झल्लारा पुलिस की दूसरी बड़ी कार्रवाई: सायबर ठगी के मामलों में 3 आरोपी गिरफ्तार

राजस्थान दर्शन

**सलूंबर/झल्लारा।** सायबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत झल्लारा थाना पुलिस ने एक साथ दो सायबर ठगी के मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रकरण संख्या 188/2026 में दो आरोपियों और प्रकरण संख्या 187/2026 में एक आरोपी को पकड़ा है। तीनों पर सायबर ठगी से जुड़े मामलों में बैंक खातों और डिजिटल लेन-देन के माध्यम से अपराध में सहयोग करने का आरोप है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक सलूंबर विश्नाराम बिश्नोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन चावला और वृत्ताधिकारी सलूंबर राजीव राहड़ के सुपरविजन में झल्लारा थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह वागेला के नेतृत्व में की गई।

**दो अलग-अलग मामलों में हुई गिरफ्तारी**

पुलिस के अनुसार प्रकरण संख्या 188/2026 में धारा 319(2), 318(4) बीएनएस एवं 66(डी) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज था। इसमें पुलिस ने लोकेश पुत्र गांगजी पटेल, उम्र 26 वर्ष, निवासी ईटालीखेड़ा, थाना झल्लारा और पंकज पुत्र गांगजी पटेल, उम्र 20 वर्ष, निवासी ईटालीखेड़ा को गिरफ्तार किया। वहीं प्रकरण संख्या 187/2026 में धारा 319(2), 318(4) बीएनएस एवं 66(डी) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसमें पुलिस ने कथित म्यूल अकाउंट धारक बहादुर पुत्र देवीलाल मीणा, उम्र 24 वर्ष, निवासी जाम्बूखेड़ा, थाना झल्लारा को गिरफ्तार किया।

**सायबर ठगी की रकम और खातों के संबंध में जांच**

पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जांच का मुख्य फोकस सायबर ठगी की रकम के लेन-देन, बैंक खातों के इस्तेमाल, आरोपियों के संपर्क में रहे लोगों और सायबर अपराध से जुड़े नेटवर्क पर है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आरोपियों ने किसी अन्य व्यक्ति को अपने बैंक खाते उपलब्ध करवाए थे या नहीं। जिला पुलिस की ओर से सायबर अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी रखने की बात कही गई है। कार्रवाई में झल्लारा थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह वागेला, सहायक उपनिरीक्षक पुंजीलाल मीणा, हेड कांस्टेबल गजराज सिंह, कांस्टेबल कान सिंह, कांस्टेबल कपिल सुथार, तथा साइबर सेल सलूंबर के हेमेंद्र सिंह और युवराज सिंह शामिल रहे।

## तलवार की नोक पर भाई-बहन से लूटपाट, 5 तोले का मंगलसूत्र और नकदी ले उड़े बदमाश

राजस्थान दर्शन

**झाड़ोल।** झाड़ोल थाना क्षेत्र के उंडावेला के पास बुधवार रात अज्ञात बदमाशों ने बाइक सवार भाई-बहन को रोककर तलवार की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश भाई से 8 हजार रुपए नकद, मोबाइल व जरूरी दस्तावेज तथा बहन से 5 हजार रुपए नकद, कपड़ों से भरा बैग और करीब 5 तोले का सोने का मंगलसूत्र सहित गोल्ड-प्लेटिनम हार लूटकर फरार हो गए। वारदात के दौरान बदमाशों ने मुकेश पर उल्टी तलवार से हाथ, पीठ और हेलमेट पर वार भी किए।

जानकारी के अनुसार, झाड़ोल निवासी मुकेश सोनी बुधवार रात करीब 9 बजे अपनी बहन लक्ष्मी के साथ बाइक से उदयपुर से झाड़ोल लौट रहे थे। उंडावेला के पास पहुंचने पर अज्ञात बदमाशों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक रुकते ही बदमाशों ने दोनों को घेर लिया और हथियार के बल पर लूटपाट शुरू कर दी।

बदमाशों ने मुकेश सोनी का पर्स छीन लिया, जिसमें 8 हजार रुपए नकद और जरूरी दस्तावेज थे। इसके अलावा मोबाइल फोन भी लूट लिया। वहीं, लक्ष्मी के पास मौजूद बैग छीन लिया, जिसमें 5 हजार रुपए नकद और कपड़े थे। बदमाशों ने लक्ष्मी के गले से करीब 5 तोले का सोने का मंगलसूत्र और गोल्ड-प्लेटिनम हार भी लूट लिया।

वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित भाई-बहन किसी तरह घर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। गुरुवार सुबह झाड़ोल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की हैं। थानाधिकारी का कहना है कि जल्द ही वारदात का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## नगर निकाय - 2026: अधिसूचना जारी, नामांकन शुरू

### पहले दिन उदयपुर जिले में 7 उम्मीदवारों ने भरे पर्चे

**उदयपुर।** नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत गुरूवार को अधिसूचना जारी होने के साथ नगर निकायों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन जिले में कुल 7 उम्मीदवारों ने 7 नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आने वाले दिनों में नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों की संख्या में तेजी आना तय है। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही जिले के सभी नगर निकायों में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। पहले दिन उदयपुर नगर निगम में दो उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किए। वहीं भीण्डर और वल्लभनगर नगर पालिकाओं में 2-2 एवं फतहनगर सनवाड़ नगरपालिका में एक उम्मीदवार ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। नगरपालिका मावली और कानोड़ में पहले दिन एक भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त को अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। इस बीच 28 अगस्त को रक्षाबंधन का अवकाश होने तथा 30 अगस्त को रविवारिय अवकाश होने से उस दिन नामांकन पत्र जमा नहीं होंगे। 29 अगस्त शनिवार को नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी।

# उमरड़ा में पैंथर का आतंक, एक मौत के बाद भी वन विभाग बेबस : पैंथर हर बार बदल रहा ठिकाना, विभाग की पूरी कवायद पड़ रही भारी!

### मवेशी भी हटाए, वन विभाग के पिंजरे-प्रयास बेअसर !

राजस्थान दर्शन

**उदयपुर।** उमरड़ा खेड़ा गांव में पैंथर के लगातार हमलों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। बुधवार को कुछ ही घंटों में एक के बाद एक चार लोगों पर हमला करने वाले पैंथर के हमले में घायल लोगर पिता जग्गा की मौत के बाद पूरे इलाके में दहशत और बढ़ गई है। दो घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हालात को देखते हुए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर 12 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया है। गुरुवार को इन परिवारों के मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। लोगर की मौत के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। उधर, ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। गिर्वा तहसीलदार गणेश कुमार विजयवर्गीय की देखरेख में प्रशासन की टीम गांव में मुस्तैद है, लेकिन वन विभाग के सामने पैंथर को पकड़ना अब भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। पिंजरे लगाने और निगरानी सहित विभाग के अब तक के प्रयासों के बावजूद पैंथर लगातार जगह बदल रहा है।

**वन विभाग की रणनीति को मात दे रहा पैंथर, हर हमले के बाद बदल रहा ठिकाना**

ग्रामीणों का कहना है कि पैंथर का व्यवहार सामान्य नहीं है। वह लगातार अपनी जगह बदल रहा है और वन विभाग की गतिविधियों को भांपकर आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि जिस इलाके में उसकी मौजूदगी की आशंका होती है, वहां निगरानी बढ़ने के बाद वह दूसरे क्षेत्र में पहुंच जाता है।

इससे पहले भी उमरड़ा रेलवे स्टेशन के आसपास पैंथर की मौजूदगी सामने आई थी। कुछ महीने पहले स्टेशन क्षेत्र में पैंथर ने एक यात्री पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। इसके बाद वन विभाग ने वहां पिंजरा लगाया, लेकिन पैंथर ने अपना रास्ता बदल दिया। कुछ समय बाद इसी इलाके में जंगल में मवेशियों का शिकार करते वक्त एक व्यक्ति पर हमले का प्रयास किया गया, लेकिन पैंथर वहां से भाग निकला।

इसके बाद कई दिनों तक उस इलाके में पैंथर की मूवमेंट दिखाई नहीं दी। ग्रामीणों के अनुसार इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमले या शिकार के बाद पैंथर सक्रिय मोड में आता है और फिर अपना ठिकाना बदल लेता है।





### पहले कुत्तों को बनाया शिकार, फिर इंसानों पर बढ़े हमले

उमरड़ा गांव में भी पहले पैंथर द्वारा कुत्तों को उठाकर ले जाने की घटनाएं सामने आई थीं। इसके बाद काफी लंबे समय तक पैंथर उस क्षेत्र में नजर नहीं आया। अब अचानक लगातार इंसानों पर हमलों से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पैंथर जंगल की सीमा तक सीमित रहने के बजाय आबादी के आसपास पहुंच रहा है। वह लोगों की मौजूदगी के बीच भी शिकार करने का प्रयास कर रहा है। इससे गांव में शाम होते ही सन्नाटा पसर जाता है और लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं।

### युवा और आक्रामक पैंथर होने का ग्रामीणों का दावा

ग्रामीणों के मुताबिक पैंथर युवा और बेहद आक्रामक स्वभाव का दिखाई दे रहा है। वह लोगों के बीच आने से भी नहीं डर रहा। कई मौकों पर पैंथर ने लोगों के सामने ही शिकार करने का प्रयास किया और हमला करने के बाद शिकार को उठाकर ले जाने की कोशिश की। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं, लेकिन पैंथर भी विभाग की गतिविधियों को भांपकर अपनी दिशा बदल रहा है। यही वजह है कि पैंथर को पकड़ने के लिए की जा रही कवायद बार-बार चुनौती में बदल रही है।

### ग्रामीणों का सवाल–आखिर कब पकड़ा जाएगा पैंथर?

लगातार हो रहे हमलों के बाद ग्रामीण अब वन विभाग से पैंथर को जल्द पकड़ने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक पैंथर पकड़ा नहीं जाता, तब तक गांव में भय का माहौल खत्म नहीं होगा। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को अकेले घर से बाहर भेजना मुश्किल हो गया है। प्रशासन की ओर से लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। वहीं वन विभाग की टीमें पैंथर की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। हालांकि अब तक पैंथर का लगातार जगह बदलना विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है।

### बुधवार को चार लोगों पर हमले से मची थी अफरा-तफरी

बुधवार सुबह पैंथर ने जग्गा पिता कालू, कालू पिता उदा और हितेश पिता गांगा पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। अचानक हुए हमले से गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग घायलों को बचाने के लिए दौड़े और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद दोपहर में पैंथर ने लोगरी पत्नी गांगा को घर के आंगन में ही निशाना बना लिया। पैंथर के अचानक हमले से महिला घायल हो गई। ग्रामीणों ने शोर मचाकर पैंथर को भगाया। एक ही दिन में लगातार हमलों से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया।

### एक मौत के बाद प्रशासन ने बढ़ाई सुरक्षा

हमले में घायल लोगर पिता जग्गा की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ाते हुए 12 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया है। गुरुवार को इन परिवारों के मवेशियों को भी वहां से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया, ताकि पैंथर को आबादी के आसपास आने से रोका जा सके।

## नेपाल में फंसे या लापता बेगूं क्षेत्र के लोगों की सूचना देने की अपील

राजस्थान दर्शन

**बेगूं।** नेपाल के रसुआ क्षेत्र में भोटेकोशी नदी में आई आकस्मिक बाढ़ के कारण कई पर्यटकों एवं यात्रियों के फंसे व लापता होने की सूचना है। घटना को देखते हुए बेगूं उपखंड अधिकारी अंकित सामरिया ने क्षेत्र के उन लोगों के परिजनों एवं आमजन से जानकारी देने की अपील की है, जो हाल ही में नेपाल भ्रमण पर गए हैं। एसडीएम ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर तहसीलदार एवं विकास अधिकारी को फील्ड स्टाफ के माध्यम से क्षेत्र में जानकारी जुटाने के निर्देश दिए गए हैं। यदि बेगूं उपखंड का कोई व्यक्ति नेपाल में फंसा, लापता या प्रभावित है तो परिजन उसका नाम, पता, मोबाइल नंबर, पहचान/पासपोर्ट विवरण, नेपाल जाने की तिथि एवं टूर ऑपरेटर की जानकारी तत्काल उपखंड कार्यालय अथवा संबंधित तहसील/पंचायत समिति कार्यालय में दें। कंट्रोल रूमः हेल्पलाइन 1070 एवं 112, दूरभाष 0141-2851960, 0141-2385776, 0141-2385777, 0141-2227296, 0141-2927392, 0141-2227603 तथा आईपी नंबर 28888 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## नेपाल में फंसे राजस्थानियों की सूचना के लिए कंट्रोल रूम

राजस्थान दर्शन

**चित्तौड़गढ़।** नेपाल के रसुवा क्षेत्र में 26 अगस्त को भोटेकोशी नदी में आई आकस्मिक बाढ़ के बाद पर्यटकों एवं यात्रियों के प्रभावित होने तथा कुछ लोगों के लापता होने की सूचना है। नेपाल पर्यटन बोर्ड की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार लापता पर्यटकों में भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। जिला प्रशासन ने नेपाल यात्रा पर गए जिले के लोगों की जानकारी जुटाने के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने बताया कि प्रशासन यह पता लगा रहा है कि जिले का कोई व्यक्ति नेपाल में फंसा, लापता, घायल अथवा प्रभावित तो नहीं है। परिजन प्रभावित व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट/पहचान विवरण, नेपाल जाने की तिथि, टूर ऑपरेटर तथा परिजनों के संपर्क नंबर उपलब्ध करा सकते हैं। नेपाल गए किसी व्यक्ति से संपर्क नहीं हो पा रहा है तो घबराएं नहीं और तत्काल प्रशासन को सूचना दें। सहायता के लिए राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के टोल फ्री नंबर 1070 एवं 112 तथा चित्तौड़गढ़ कंट्रोल रूम 01472-244923 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा 0141-2851960, 0141-2927392, 0141-2227603, 0141-2385776, 0141-2385777, 0141-2227296, आईपी नंबर 28888 एवं ई-मेल relief-rj@nic.in पर भी सूचना दी जा सकती है।

## नगर निकाय आम चुनाव-2026: नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 12 नामांकन पत्र दाखिल

### बड़ी सादड़ी से 11 एवं कपासन से एक अभ्यर्थी ने किया नामांकन

राजस्थान दर्शन

**चित्तौड़गढ़।** नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत चित्तौड़गढ़ जिले की सात नगर निकायों में वार्ड सदस्यों के निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से प्रारंभ हो गई। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन जिले में कुल 12 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। सांख्यिकी प्रकोष्ठ, नगर निकाय चुनाव-2026 से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 अगस्त को बड़ी सादड़ी नगर पालिका से 11 तथा कपासन नगर पालिका से एक अभ्यर्थी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस प्रकार प्रथम दिन जिले में कुल 12 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। वहीं नगर परिषद चित्तौड़गढ़ एवं निम्बाहेड़ा तथा नगर पालिका रावतभाटा, बेगूं एवं आकोला में प्रथम दिन किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया।

## जिला कलेक्टर डाँ मंजू ने बेगूँ में निकाय चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा



राजस्थान दर्शन

**बेगूँ।** चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर डाँ मंजू ने गुरूवार को बेगूँ उपखण्ड मुख्यालय पहुंचकर निकाय चुनाव की तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये। प्राप्त जानकारी के अनुसार चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने बेगूँ नगर के पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 2 पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर पोलिंग बूथों पर पेयजल, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिये आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने वहाँ पर रेलिंग के पास बिखरे मलबे व कचरे को शीघ्र हटाने के निर्देश दिये। जिलाकलेक्टर ने उसके पश्चात स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में मतगणना कक्ष के लिये बनाये गये स्ट्रॉन्ग रूम का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये जिला कलेक्टर डॉ मंजू ने उपखण्ड कार्यालय पहुँचकर अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश देकर इसमे कोताही नही बरतने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होनें उपखण्ड कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश देकर मानसून के समय अधिक से अधिक पेड लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी एंव रिटर्निंग अधिकारी अंकित सामरिया, तहसीलदार एंव कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी नपा बेगूँ गोपाल जीनगर,बेगूँ थानाधिकारी चंपाराम सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रक्षा का वचन अभियान : राजसमंद पुलिस ने चालान काटने के बजाय चालकों को बांधी राखी

राजस्थान दर्शन

**राजसमंद।** रक्षाबंधन पर्व पर आमजन के बीच सुरक्षा, आत्मीयता और विश्वास का माहौल सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जिले भर में दो दिवसीय विशेष अभियान रक्षा का वचन की शुरुआत की गई है। अभियान के तहत ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों ने एसपी हेमंत कलाल को रक्षासूत्र बांधा। एसपी कलाल ने बहनों को जिले में शांति, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही महिला सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिलाया। कांकरोली बस स्टेण्ड पर आयोजित कार्यक्रम में एएसपी बंशीलाल चनिया, वृत्ताधिकारी नेत्रपाल सिंह, सेजल शेखावत, थानाधिकारी सरोज बैरवा व यातायात प्रभारी पन्नालाल मेनारिया की मौजूदगी में कालिका पेट्रोलिंग टीम एवं पुलिस अधिकारियों ने अनूठी पहल की। सडक़ सुरक्षा का संदेश देते हुए पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के चालान काटने के बजाय महिला पुलिसकर्मियों से उन्हें राखी बंधवाई।

# प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने किया युवाओं से सीधा संवाद, विधायक आक्या ने दिलाया विकास का भरोसा

### दुर्ग की तलहटी पर देखने को मिला युवाओं का जोश और जुनून, बोले युवा - एक वोट चित्तौड़ के विकास के नाम




राजस्थान दर्शन

**चित्तौड़गढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा स्थानीय भरत बाग में युवा संवाद - प्रदेश अध्यक्ष के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा तथा मुख्य वक्ता के रूप में चित्तौड़गढ़ के विधायक चंद्रभान सिंह आक्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेश गाडरी ने की तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री हर्षवर्धन सिंह रूद, नगर परिषद चुनाव सह संयोजक अनन्त समदानी, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री कृष्ण पाल सिंह चुण्डावत व प्रभारी रामपाल जाट मन्चासिन रहे। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'एक वोट चित्तौड़गढ़ के विकास के नाम' था जिसमें शहर के वार्डों और बस्तियों से सैकड़ो युवाओं ने भाग लेकर खुलकर अपने दिल की बात रखी।

**खुले मंच से युवाओं ने पूछे सवाल**

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीधा संवाद था जिसमें युवाओं ने बिना किसी हिचकिचाहट के मंच से सवाल पुछे। हमारे पास डिग्री है पर रोजगार नहीं, लड़कियों के लिए सुरक्षित लाइब्रेरी और खेल की व्यवस्था कब होगी? वहीं कई युवाओं ने नशा मुक्ति, स्टार्टअप लोन और नगर परिषद में पारदर्शिता का मुद्दा उठाया। युवाओं के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने कहा, भाजपा ने युवाओ को सदैव सम्मान दिया है लेकिन कांग्रेस ने युवाओं का हमेशा इस्तेमाल किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है - युवा ही देश का वर्तमान है। मैं आपको भरोसा दिलाता हूँ, नगर परिषद चुनाव में टिकट से लेकर संगठन में युवाओं को 50 प्रतिशत से ज्यादा भागीदारी मिलेगी। हर वार्ड में ओपन जिम, डिजिटल लाइब्रेरी और खेल मैदान हमारा संकल्प है। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा, चित्तौड़गढ़ दुर्ग हमारे गौरव का प्रतीक है। चित्तौड़ का युवा अब बाहर नहीं जाएगा' टूरिज्म सर्किट, नया औद्योगिक क्षेत्र और स्किल डेवलपमेंट सेंटर के माध्यम से हम यहीं रोजगार पैदा करेंगे। नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड बनते ही युवा हित के कार्यो को पहली कलम से मंजूरी मिलेगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुरेश गाडरी ने सभी युवाओं को संकल्प दिलाया जिस पर सैकड़ों युवाओं ने हाथ खड़ा कर एक स्वर में कहा - हम वोट देंगे भी और दिलाएंगे भी, एक वोट चित्तौड़ के विकास के नाम देंगे। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री राधेश्याम कुमावत ने तथा आभार युवा मोर्चा के जिला महामंत्री सूर्यप्रताप सिंह गुड्डा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष लालचंद गुर्जर, अनिल सुखवाल, हीरालाल रायका, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष अविनाश शर्मा, किशन जाट, रविन्द्र शर्मा, गजेन्द्र प्रताप सिंह, बंटी मेवाड़ा, भेरूलाल जाट, जिला उपाध्यक्ष रवि मेनारिया, सिद्धार्थ तातेड़, जितेन्द्र शर्मा, मुकेश डांगी, किशन गुर्जर, रतन वैष्णव, रामनरेश गाडरी, जगदीश मेनारिया, विशाल गर्ग, आशीष आर्य, आशा दशोरा, भरत मेनारिया, रवि विराणी, गोविन्द गुर्जर, प्रिंस शर्मा, महेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश जटिया, देवराज रजक, विपुल सिंह, मनोज चौधरी, शांतीलाल जाट, रवि बैरागी, कन्हैयालाल सुखवाल, कमल प्रजापत, पिनू मेनारिया, प्रकाश भट्ट, कृतिका जोशी, शांतीलाल गाडरी व प्रकाश गाडरी सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सेवा पखवाडा के तहत मातृशक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित



### बहनों ने सांसद व विधायक को बांधा रक्षा सूत्र

राजस्थान दर्शन

**चित्तौडगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस सेवा पखवाड़ा के तहत गुरूवार को भान फोर्ट पेलेस रिसोर्ट में मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम सांसद सी पी जोशी के मुख्य आतिथ्य व विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़, भदेसर निवर्तमान प्रधान सुशीला कंवर व भोपाल सागर के पूर्व प्रधान हेमेन्द्र सिंह राणावत थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र चित्तौडगढ़ की महिलाओ ने सहभागिता की तथा सांसद जोशी व विधायक आक्या की कलाई पर रक्षा सुत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की परपंरा को आत्मीयता के साथ निभाया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सांसद जोशी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा महिलाओ को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हे आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विधायक आक्या ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओ के सम्मान और आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिली है। कार्यक्रम को पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़, भदेसर निवर्तमान प्रधान सुशीला कंवर व भोपाल सागर के पूर्व प्रधान हेमेन्द्र सिंह राणावत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्ग महिलाओं को शॉल व उपरना ओढाकर उनका अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओ ने सांसद जोशी, विधायक आक्या व अन्य अतिथियो को रक्षासुत्र बांधकर उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

# बार बार दिन ये आए जन्मदिन समारोह में कलाकार अमित चेचानी ने बिखेरा सुरों का जादू

### एक से बढ़कर एक सुरीले गीतों से बांधा समां, झूमने पर किया मजबूर



राजस्थान दर्शन

**चित्तौड़गढ़।** स्वीट वॉइस इवेंट मैनेजमेंट द्वारा दिनांक 26 अगस्त 2026 बुधवार को चित्तौड़गढ़ में बाणिया(कीर) परिवार की ओर से अरावली रिसॉर्ट में आयोजित सुरेश चंद्र कीर की बिटिया निध्याना का जन्मदिन समारोह उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें चित्तौड़गढ़ के माने सुप्रसिद्ध कलाकार अमित कुमार चेचानी ने अपनी दिलकश आवाज के जरिए इस शाम को यादगार बनाया। इस अवसर पर उन्होंने सदाबहार रोमांटिक गीतों में किशोर कुमार, रफ़ी, कुमार सानू, उदित नारायण आदि कलाकारों की आवाज़ों के सुरीले नग़मों से समारोह की शाम में अपने सुरों के जादू से और भी खूबसूरत बनाया। लगभग 3 घंटे चली इस सुरीली शाम में अमित ने 80 व 90 के दशक के एक से बढ़कर एक गीत गाए जिससे समारोह में चार चांद लग गए।

**कलाकार चेचानी की मेहमानों ने की हौसला अफजाही**

इस समारोह में जनप्रतिनिधि चित्तौड़ कांग्रेस प्रभारी श्री नरेंद्र सिंह चौहान, कीर समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री किशन लाल जी कीर एवं चंदेरिया (बीजेपी) पद पर कार्यरत श्री पूरण जी कीर, सिंघाड़ी स्टोन क्रेशर से श्री पपू सोमानी टाटा एआईए (ञ्जड्डह्लड्ड द्ब) परिवार के सभी क्लस्टर मैनेजर्स व साथी तथा स्टार इंडिया परिवार के सभी सम्मानित सदस्य, विभिन्न विद्यालयों से पधारे हुए सभी शिक्षक एवं स्टाफ जन सहित आस पास के जिलों से पधारे अतिथियों ने इस सुरीली शाम का आनंद उठाया। अतिथियों की फरमाइश के गीत गाकर भी उनका भरपूर मनोरंजन किया और झूमने पर मजबूर कर दिया। मेहमानों ने कलाकार अमित द्वारा गाए गीतों की हौसला अफजाही भी की। इस शाम में केक कटिंग सेरेमनी और स्नेहभोज का आयोजन भी किया गया जिनका सभी अतिथियों ने लुत्फ लिया।

**देश के कई राज्यों में कलाकार अमित ने अपनी कला के जरिए कमाया नाम**

उल्लेखनीय हैं कि चेचानी आकाशवाणी चित्तौड़गढ़ के बेहतरीन कलाकार के साथ-साथ कई सामाजिक साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं हैं जिन्होंने देश के कई राज्यों में अपनी आवाज के जादू के जरिए नाम कमाया है और स्वयं के इवेंट ग्रुप स्वीट वॉइस ग्रुप के द्वारा विवाह समारोह, बर्थडे पार्टी, महिला संगीत व इवेंट संबंधी गतिविधियों में एंकरिंग के साथ-साथ सिंगिंग से संगीत प्रेमियों का मनोरंजन कर रहे हैं। साथ में नई प्रतिभाओं को भी अवसर प्रदान कर रहे हैं। इवेंट में विभिन्न समारोह में म्यूजिक इवेंट के साथ - साथ साउंड, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, लाइटिंग, डेकोरेशन आदि के काम भी इस ग्रुप के माध्यम से सफलता पूर्वक हो रहा है। आगामी कार्यक्रमों की बुकिंग जारी है। जानकारी हेतु मो. न. 98291 13675 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मोलेला में जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन : सांसद और विधायक ने की सहभागिता

राजस्थान दर्शन

**खमनोर।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ व विधायक विश्वराजसिंह मेवाड़ ने गुरुवार को खमनोर मंडल के मोलेला क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने खेल, पारंपरिक हस्तकला, धार्मिक आस्था तथा महिला स्वावलंबन से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लिया और स्थानीय लोगों से संवाद किया। मोलेला में आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में सांसद व विधायक ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में जीतावास की टीम विजेता, कुंडिया की टीम उपविजेता तथा कुंवारिया की टीम तृतीय स्थान पर रही। अतिथियों ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाडियों को कहा कि क्षेत्र में इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर मंच प्रदान करते हैं। इसके बाद सांसद एवं विधायक ने हनुमानपुरा मोलेला स्थित टेराकोटा हस्तकला केंद्रों का अवलोकन किया। उन्होंने कारीगर भग्गा कुम्हार व राजेंद्र कुम्हार से मुलाकात कर मोलेला की प्रसिद्ध टेराकोटा कला, इसके निर्माण की पारंपरिक प्रक्रिया, कारीगरों की मेहनत तथा हस्तशिल्प से जुड़े रोजगार के अवसरों की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय शिल्पकारों से बातचीत करते हुए इस पारंपरिक कला को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और इसके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की। सांसद व विधायक ने मोलेला खेड़ा स्थित देवी माता मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। महाराणा प्रताप सभागार पंचायत समिति खमनोर में आयोजित प्रदर्शनी का सांसद और विधायक ने अवलोकन किया। राजीविका से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों ने अपने द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की जानकारी दी तथा अपनी सफलता की कहानियां साझा की। महिलाओं ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुडक़र छोटे स्तर से शुरुआत की और आज अपने उत्पाद तैयार कर उनका विक्रय करते हुए आत्मनिर्भरता एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। सांसद एवं विधायक ने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं के लिए केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, स्वावलंबन और सामाजिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार बन रहे हैं। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, राजीविका से जुड़े प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, शिल्पकार, खिलाड़ी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सैनिक भाइयों की कलाई पर सजी राखी

राजस्थान दर्शन

**नाथद्वारा।** रक्षाबंधन पर स्मार्ट स्टडी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उदयपुर स्थित 5 राज बटालियन पहुंचकर सैनिक भाइयों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। विद्यार्थियों ने सैनिकों की कलाई पर राखी बांधकर उनके प्रति सम्मान, स्नेह एवं कृतज्ञता व्यक्त की तथा राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उनके समर्पण को नमन किया। इस दौरान ग्रुप कमांडर कर्नल नरेश कुमार, सेना मेडल, कमान अधिकारी 10 राज एनसीसी कर्नल अमरेश सिंह एवं लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश्वर जायसवाल ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए राष्ट्रप्रेम, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने कहा कि देश की सीमाओं एवं सुरक्षा में सदैव तत्पर रहने वाले सैनिक पूरे राष्ट्र की रक्षा का दायित्व निभाते हैं। उनके सम्मान में रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बांधना स्मार्ट स्टडी इंटरनेशनल स्कूल की ओर से एक छोटा-सा योगदान है। प्राचार्य डॉ पारुल जोशी ने कहा कि विद्यार्थियों को देश के वीर जवानों के त्याग, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेनी चाहिए। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। विद्यार्थियों की इस पहल ने राष्ट्रसेवा, भाईचारे और सैनिकों के प्रति सम्मान का भावपूर्ण संदेश दिया। निदेशक मनोहरलाल भाटिया, श्याम भाटिया एवं तिलकेश भाटिया ने इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के इस प्रयास को विद्यालय की राष्ट्रहित एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। सनराइज स्कूल में मनाया रक्षाबंधन पर्व सनराइज एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्षाबंधन पर्व कार्यक्रम में भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। इस दौरान विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन पर्व उत्साहपूर्वक मनाया। वहीं कक्षा तीसरी से पांचवीं तक राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय में ही आकर्षक, रंग-बिरंगी एवं मनमोहक राखियां तैयार कीं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर प्रेम एवं स्नेह की राखी बांधी तथा छात्रों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को यादगार बनाया।

# नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित

### आदर्श आचार संहिता की पालना, निर्वाचन प्रक्रिया एवं व्यय सीमा को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश*



राजस्थान दर्शन

**सलूंबर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 की घोषणा के साथ ही नगर परिषद क्षेत्र सलूंबर में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को उपखण्ड कार्यालय सलूंबर में रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) जगदीश चन्द्र बामनिया की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त एवं पंजीकृत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में रिटर्निंग अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता की पालना, नामांकन प्रक्रिया, चुनाव व्यय सीमा तथा निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए।

**आदर्श आचार संहिता एवं कानून व्यवस्था**

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण नवीन विकास कार्यों, नई योजनाओं तथा नए कार्यादेश जारी करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, जबकि पूर्व से संचालित कार्य यथावत जारी रहेंगे। चुनाव प्रचार के लिए वाहनों, लाउडस्पीकर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग तथा सभा, रैली एवं जुलूस के आयोजन के लिए रिटर्निंग अधिकारी से पूर्व लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लाउडस्पीकर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

**संतान संबंधी प्रावधानों में संशोधन**

बैठक में बताया गया कि राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 2 एवं 24 में हुए संशोधन के तहत नगरीय निकाय चुनाव में संतान संबंधी प्रतिबंधात्मक प्रावधानों को हटा दिया गया है।

**चुनाव व्यय सीमा**

नगर परिषद पार्षद पद के प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए अधिकतम चुनाव व्यय सीमा 2.50 लाख रुपये निर्धारित की गई है। चुनाव परिणाम घोषित होने के 15 दिवस के भीतर अभ्यर्थियों को चुनाव खर्च का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**मतदाता पहचान के संबंध में जानकारी**

मतदान के समय मतदाता को EPIC (मतदाता पहचान पत्र) अथवा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीकृत 11 मूल वैकल्पिक Photo द्बष्ठ दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

**सलूंबर नगर परिषद में 11 सितंबर को मतदान**

बैठक में जानकारी दी गई कि नगर परिषद सलूंबर के पार्षद पद के लिए मतदान 11 सितंबर 2026 को प्रातः 7 बजे से सायंकाल 6 बजे तक होगा तथा मतगणना 14 सितंबर 2026 को की जाएगी। वहीं अध्यक्ष पद के लिए मतदान 21 सितंबर 2026 तथा उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव 22 सितंबर 2026 को संपन्न होगा। राजस्थान के नगरीय निकाय चुनाव 2026 में सलूंबर नगर परिषद दूसरे चरण में शामिल है।

बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, सुगम एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

अंत में रिटर्निंग अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों से आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने तथा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी राव संजय सिंह के लिए मेसर्स पुकार प्रिंटिंग प्रेस, 311-A, चित्रकूट नगर, उदयपुर, राजस्थान- 313001 से मुद्रित एवं 705, ए ब्लॉक, वैदेही प्रीमियम हाउसिंग, श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के पास, बेदला,100 फीट रोड, उदयपुर, राजस्थान - 313001 से प्रकाशित।
संपादकः कमलेश सिंह, एच- 6, नंदपुरी कॉलोनी, मालवीय नगर, जयपुर- 302017, फोन न- 0141-48199557 मो. 9166693566 E-mail rajasthandarshanudaipur@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर होगा (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)